सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी
भा.प्र.से.
सचिव

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
कक्ष क्रमांक एस-2/10, द्वितीय तल, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर
जिला - रायपुर 492002
ईमेल - : secy.schooledu.cg@gmail.com
दूरभाष क्र:- 0771-2510254, फैक्स - 2221254

अर्द्धशास. पत्र क्र. F 6-26/2024/20-1
दिनांक : 07/03/2025

विषयः— कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा सत्र 2024—25 हेतु केन्द्रों/मूल्यांकन केन्द्रों में परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के दौरान व्यवस्था से संबंध में।

प्रिय

———

विषयांतर्गत लेख है कि लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. द्वारा राज्य में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की सत्र 2024—25 की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा हेतु समय सारणी जारी की गई है। यह परीक्षाएं दिनांक 17 मार्च 2025 से 03 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगी। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में गठित **जिला स्तरीय केन्द्रीकृत परीक्षा समिति** द्वारा किया जाना है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों का राज्य स्तर पर उन्मुखीकरण (Orientation) किया गया है, साथ ही तत्संबंध में विस्तृत दिशा—निर्देश भी जारी कर दिये गये है। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुछ महत्वपूर्ण निर्देश निम्नानुसार हैः—

1. परीक्षा केन्द्रों/मूल्यांकन केन्द्रों में परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के दौरान नियुक्त निरीक्षण दल (उड़नदस्ता) में जाने वाले अधिकारी/कर्मचारी शांति पूर्वक निरीक्षण कार्य करें, ताकि परीक्षार्थियों में तनाव न हो और उत्तर लेखन में व्यवधान न हो।
2. केन्द्राध्यक्षों द्वारा थाने से गोपनीय सामग्री (प्रश्नपत्र) निकालते समय, थाने में आपके द्वारा नियुक्ति अधिकारी भौतिक सत्यापन हेतु अनिवार्यतः उपस्थित रहें।
3. प्रश्न—पत्रों के वितरण हेतु जिला स्तर पर स्ट्रांग रूम तथा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु विकासखण्ड स्तर पर समन्वय केन्द्र बनाये जायेंगे। इन दोनो स्थानों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था किये जाने का अनुरोध है।
4. विकासखण्ड स्तर पर आवश्यकता/सुविधानुसार एक से अधिक मूल्यांकन केन्द्र बनाये जायेंगे, इन मूल्यांकन केन्द्रों पर भी कम से कम एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाये जाने का अनुरोध है।

5. प्रश्न–पत्र वितरण हेतु जिला स्तर पर बनाये गये स्ट्रांग रूम, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु विकासखण्ड स्तर पर बनाये गये समन्वय केन्द्रों एवं मूल्यांकन केन्द्रों में जिन पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाती है, उनके द्वारा अनुशासन एवं पूर्ण जवाब देही के साथ सुरक्षा संबंधी ड्यूटी का निर्वहन किया जाए।

मुझे विश्वास है, कि आपके नेतृत्व में, आपके जिले में आयोजित होने वाली कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2024–25 का आयोजन सफलतापूर्वक किया जायेगा।

सादर,

भवदीय

(सिध्दार्थ कोमल सिंह परदेशी)

7/3

प्रति,

**समस्त कलेक्टर**
**छत्तीसगढ़**

पृ.क्रमांक / 5वीं–8वीं / केन्द्रीकृत परीक्षा / 2024–25/203 नवा रायपुर दिनांक 07/03/2025

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, मान.मुख्यमंत्री जी, छ.ग. शासन, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर।
2. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय रायपुर
3. संभागायुक्त, समस्त संभाग छ.ग.
4. पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़
5. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
6. संचालक, एस.सी.ई.आर.टी. शंकर नगर रायपुर।
7. संचालक, समग्र शिक्षा, पेंशन बाड़ा रायपुर।
8. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़।
9. समस्त पुलिस अधीक्षक, छत्तीसगढ़।
10. समस्त संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग, छत्तीसगढ़
11. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़

**सचिव**
**छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग**